राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़

Email:- registrar.rmpu@gmail.com,

पत्रांकः–आर0एम0पी0यू0 / 1675 / 2024 दिनांकः– 13 अगस्त, 2024

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या,
समस्त राजकीय / अनुदानित / स्ववित्तपोषित महाविद्यालय,
संबद्ध राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय,
अलीगढ़।

विषयः–प्रथम दीक्षान्त समारोह अवसर पर "लोगो (एम्बलम)" प्रतियोगिता के सम्बन्ध में।

महोदय / महोदया,

आपको अवगत कराना है कि राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़ के प्रथम दीक्षान्त समारोह दिनांक 12 सितम्बर, 2024 को होना सुनिश्चित हुआ है। इस अवसर पर प्रतीक चिन्ह, लोगो (एम्बलम) बनाने हेतु विश्वविद्यालय द्वारा अन्तरमहाविद्यालयी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।

उक्त के सम्बन्ध में आपको निर्देशित किया जाता है कि आप अपने महाविद्यालय के छात्र / छात्राओं को उपरोक्त प्रतियोगिताओं में सम्मिलित होने हेतु प्रतीक चिन्ह, लोगो एम्बलम प्रतिभागी छात्र / छात्राओं द्वारा बनवाकर दिनांक 21.08.2024 अपरान्ह 12:00 बजे तक भेजने का कष्ट करें। प्रतियोगिता में विजयी छात्र / छात्राओं को विश्वविद्यालय द्वारा पुरस्कृत किया जायेगा।

प्रतियोगिता हेतु नियम / शर्तें निम्नवत है–

1. इस प्रतियोगिता में राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़ एवं उससे सम्बद्ध महाविद्यालय के विद्यार्थी ही प्रतिभाग कर सकते है।
2. प्रतिभागियों को अपने डिजाइन 10 इंच X 10 इंच के आकार में या 10 के व्यास वाले वृत्त में बनाने होंगे।
3. इस डिजायन में विश्वविद्यालय के सूत्र वाक्य (**मानसे रमतां नित्यं सर्वशुक्ला सरस्वती**) एवं कुल चिन्ह लोगो (एम्बलम) का होना आवश्यक है।
4. डिजाइन में प्रथम दीक्षान्त समारोह या Ist Convocation लिखा होना आवश्यक है।
5. डिजाइन में अधिकतम तीन रंगों का प्रयोग किया जा सकता है।
6. प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार विजेताओं को क्रमशः **3100, 2100, 1100** की प्रोत्साहन धनराशि तथा प्रमाण पत्र दिया जायेगा। तीन सांत्वना पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र भी विजेताओं को प्रदान किये जायेंगे।

प्रतियोगिता में प्रतिभाग के इच्छुक अभ्यर्थी अपने डिजाइन के पीछे अपना नाम, कक्षा, मोबाइल नम्बर एवं महाविद्यालय का नाम अवश्य अंकित करें। डिजाइन के साथ अपने संस्थान का परिचय पत्र की फोटो प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।

अपनी प्रविष्टियाँ दिनांक **21 अगस्त, 2024** तक **चित्रकला विभाग, डी0एस0 कालेज, अलीगढ़ में डा0 ईश्वर चन्द गुप्ता के पास जमा होगी।**

भवदीय,
(अजय कृष्ण यादव)
कुलसचिव

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः–

1. मा0 कुलपति जी, राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़।
2. समन्वयक, प्रतीक चिन्ह, लोगो (एम्बलम), राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़।
3. सम्पादक, समस्त समाचार पत्र को इस अनुरोध के साथ कि उक्त महत्वपूर्ण सूचना को अपने सम्मानित दैनिक समाचार पत्र में छात्रहित में निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।
4. प्रभारी, वेबसाइट को इस निर्देश के साथ कि समस्त सम्बद्ध महाविद्यालयों के लॉगिन आई0डी0 तथा विश्वविद्यालय वेबसाइट पर अपलोड करें।
5. गार्ड फाइल।

उप कुलसचिव

Scanned with OKEN Scanner